राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

बिहार लोक भवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–74/2026

बिहार लोक भवन में अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम एवं त्रिपुरा के स्थापना दिवस का आयोजन किया गया

पटना 07 मई, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने बिहार लोक भवन, पटना में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम एवं त्रिपुरा के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया तथा वहाँ के निवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी एवं इन राज्यों की प्रगति और समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर उन्होंने इन राज्यों की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत एक विविधतापूर्ण देश है। 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' के क्रियान्वयन में इन राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

राज्यपाल ने कहा कि आज ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगाँठ है। यह दिन हमारे लिए गौरव का दिन है तथा हमारे वीर सैनिकों के शौर्य और साहस का प्रतीक है। यह एक सुंदर संयोग है कि आज हम पूर्वोत्तर भारत के सीमांत राज्यों का स्थापना दिवस भी मना रहे हैं, जो हमारी राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विविधता तथा सीमाओं की सुरक्षा और सामरिक महत्ता के प्रतीक हैं।

राज्यपाल ने कार्यक्रम में भारतमाता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मिजोरम के माननीय राज्यपाल जनरल (डॉ०) विजय कुमार सिंह (से०नि०) के वीडियो संदेश का प्रसारण किया गया तथा मिजोरम के पर्यटन पर आधारित वीडियो प्रसारित किया गया। इन राज्यों की संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम को ब्रिगेडियर अमित बेदी, महालेखाकार (अंकेक्षण–II) श्री हॉटिनलाल सौन्तक तथा सुश्री जोशाग्लिआनी हौहनार ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर लेडी गवर्नर श्रीमती सबीहा हसनैन, राज्यपाल के सचिव श्री गोपाल मीणा, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, बिहार रेजिमेंटल सेंटर, दानापुर के सैन्य अधिकारीगण एवं उनके परिजन, बिहार में रहकर पढ़ाई कर रहे इन राज्यों के छात्र–छात्राएँ, बिहार में रह रहे वहाँ के महानुभावगण एवं उनके परिजन तथा राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

……………………………………